उज्जीवन फाइनेंस का इक्विटी शेयर आज खुलेगा

कोलकाता. उज्जीवन फाइनेंसियल सर्विसेस लिमिटेड बुधवार से इक्विटी शेयर जारी करेगी. प्रति इक्विटी शेयर की कीमत 10 रुपये होगी. प्रत्येक शेयर पर 207 से 210 रुपये प्रीमियम होगा. इसे 28 अप्रैल से 2 मई 2016 तक खरीदा जा सकेगा. यह जानकारी कंपनी के प्रबंध निदेश व सीईओ समित घोष ने दी. महानगर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि उज्जीवन फाइनेंस एक नॉन बैंकिंग फाइनेंसियल कंपनी है. यह एक गैर वित्तीय बैंकिंग कंपनी के तौर पर कार्य शुरू किया था. इसके देश के 24 राज्यों में करीब 470 शाखाएं हैं. वहीं 7862 कर्मचारी इससे जुड़े हुए हैं. वहीं कंपनी के करीब 27.7 लाख सक्रिय ग्राहक हैं.